टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड, ऋषिकेश
ने जीता नराकास राजभाषा वैजयंती का तृतीय पुरस्कार

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के कारपोरेट कार्यालय, ऋषिकेश को वर्ष 2021-22 के लिए सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों की श्रेणी में नराकास राजभाषा वैजयंती के तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार समिति की 23 जनवरी, 2023 को आयोजित हुई 35 वीं अर्द्धवार्षिक बैठक में प्रदान किया गया। यह बैठक श्री जे.बेहेरा, निदेशक(वित्त) एवं अध्यक्ष नराकास की अध्यक्षता में सीएसआईआर-सीबीआरआई, रुड़की में आयोजित की गई। बैठक में सीएसआईआर-सीबीआरआई, रूड़की के निदेशक, प्रो. आर. प्रदीप कुमार, आई.आई.टी, रुड़की के निदेशक प्रो. कमल किशोर पंत एवं प्रशासनिक अधिकारी, श्री परवेश चन्द, सीएसआईआर-सीबीआरआई रूड़की के साथ सदस्य संस्थानों के प्रमुख एवं प्रतिनिधि एवं अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस अवसर पर टीएचडीसी इंडिया लि. की ओर से अपर महाप्रबंधक(मा.सं.एवं प्रशा.), श्री ईश्वरदत्त तिग्गा एवं हिंदी अनुभाग के अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित थे।

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, हरिद्वार देश की बड़ी नराकासों में से एक है जिसके सदस्य संस्थानों की संख्या 62 है। इस नराकास में रुड़की, हरिद्वार, ऋषिकेश एवं पौड़ी में स्थित केंद्र सरकार के कार्यालय/विभाग/पीएसयू/संस्थान/बैंक शामिल हैं ।